# राजस्थान परिदृश्य



## चर्चित व्यक्तित्व

### महेश गुर्जर

- टोंक के चित्रकार महेश गुर्जर को रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजीज एंड डिजाइन ने सम्मानित किया।
- राजस्थान की फड़ कला और लोक देवताओं पर व्याख्यान देने के लिए।

### राजीव दत्ता

- राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष निर्वाचित।
- सचिव - उम्मेद सिंह

### रितु सिंह

- जयपुर की आर्किटेक्ट रितु सिंह को भारत की राष्ट्रपति की ओर से विजिटर्स नॉमिनी के रूप में नियुक्त किया।
- उन्हें भोपाल के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर में फैकल्टी भर्ती और पदोन्नति के लिए चयन समिति में नामांकित सदस्य के रूप में नियुक्त किया।

### हरखचंद नाहटा

- बीकानेर के प्रसिद्ध समाजसेवी हरखचंद नाहटा की स्मृति में 25 रुपये का सिक्का जारी किया जाएगा।
- यह सिक्का उनके 25वें स्मरणोत्सव (2 फरवरी) पर जारी किया जाएगा।
- आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा।

### डॉ. लीला बोर्डिया

- जयपुर की डॉ. लीला बोर्डिया को ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड
- ऑल इंडिया पॉटरी मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन (AIPMR) द्वारा।

## चर्चित स्थल

### फ्लाइंग स्कूल

- राज्य सरकार द्वारा भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल की मंजूरी दी गई।
- भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा।

### बालिका सैनिक स्कूल

- जोधपुर के थबुकड़ा गांव में राज्य का पहला बालिका सैनिक स्कूल खोला जाएगा।
- जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि आवंटित।

### धार्मिक एवं गो विज्ञान केन्द्रित विश्वविद्यालय

- विश्व का पहला धार्मिक एवं गो विज्ञान केन्द्रित विश्वविद्यालय नंदगांव (सिरोही) में स्थापित किया जायेगा।
- इसमें गो विज्ञान आधारित शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा व संस्कृत भाषा में पढ़ाई होगी।

## चर्चित योजनाएँ

### सोशल मीडिया के लिए नव प्रसारक नीति

- यह नीति सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए जारी की गई है।
- सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा जारी इस नीति में नव प्रसारकों के लिए 2 श्रेणियाँ बनाई गई हैं।
    - श्रेणी ए – 1 लाख से अधिक सब्सक्राइबर या फॉलाअर्स वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स
    - श्रेणी बी – 7 हजार से 1 लाख तक सब्सक्राइबर या फॉलाअर्स वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स
- जिला स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में 1-1 नव प्रसारक का चयन किया जायेगा।
- संभाग स्तर पर श्रेणी 'ए' में 2 एवं श्रेणी 'बी' में एक नव प्रसारक का चयन किया जायेगा।
- नव प्रसारक विभिन्न सोशल मीडिया अकांउट्स पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों से संबंधित पोस्ट प्रतिदिन अपलोड करेंगे।

### कुसुम योजना

- पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए के तहत राजस्थान को 5 हजार मेगावाट के अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी दी।
- केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा।

## अभियान/कार्यक्रम/प्रोजेक्ट

### लाडेसर अभियान

- जयपुर जिला प्रशासन द्वारा 14 जनवरी से शुभारंभ होगा।
- उद्देश्य – कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार लाना।
- इसके तहत कम वजन वाले बच्चों को प्रतिमाह 1-1 लाडेसर पोषाहार किट वितरित किया जाएगा।
- चिन्हित बच्चों के प्रति 10 दिवस में नियमित रूप से वजन और ऊँचाई के माप लिये जायेंगे।

### ऑपरेशन साइबर शील्ड

- पुलिस मुख्यालय, राजस्थान की साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई।
- यह अभियान पूरे जनवरी माह में चलाया जाएगा।
- उद्देश्य – राज्य में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना, साइबर प्रकरणों एवं परिवादों का निस्तारण और आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना।

### मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान (MSRA)

- सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की योग्यता जांचने के लिए होने वाली परीक्षा 'राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम (RKSMBK)' का परिवर्तित नाम।
- इस अभियान के तहत कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों का दक्षता आधारित मूल्यांकन किया जाता है। (हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषय का मूल्यांकन)

### 'दूध का दूध, पानी का पानी' अभियान

- राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) द्वारा शुरूआत।
- यह अभियान 10 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा।
- उद्देश्य – दूध में मिलावट रोकना और लोगों को शुद्ध दूध के महत्व के प्रति जागरूक करना।

## समिति/संस्थाएँ

### अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रूपांतरण समीक्षा समिति

- अध्यक्ष – डॉ. प्रेमचंद बैरवा
- सदस्य – गजेन्द्र सिंह खींवसर, मदन दिलावर, सुमित गोदारा
- उद्देश्य – अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित राजकीय विद्यालयों की समीक्षा के लिए।

### रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर

- देश के पहले रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का सिंगावल (अजमेर) में उद्घाटन।
- इसमें फ्रेशर ट्रेनिंग, लाइसेंस रिनुअल, विदेश में ड्राइविंग करने जाने के इच्छुक चालक तथा टैंकर चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सम्मेलन/आयोजन/बैठक

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

- 1 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदेश भर में आयोजित।

- इसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित होंगी।
- थीम – परवाह (Care)

### राज्य युवा महोत्सव

- जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 8 से 12 जनवरी तक आयोजित।
- आयोजनकर्ता – राजस्थान यूथ बोर्ड
- उद्देश्य – राज्य की दुर्लभ परम्परागत लुप्त कला एवं संस्कृति को संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रत्येक विजेता को 50,000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 25 हजार रुपये एवं तृतीय स्थान पर 10 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।
- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को यूथ आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
  - इस अवॉर्ड के लिए चयनित युवाओं को 1 लाख रुपये और प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

### ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम (GSTF-2025)

- 9 से 10 जनवरी को आयोजित।
- आयोजन स्थल – किशनगढ़, अजमेर
- आयोजनकर्ता – रीको, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टॉन्स (CDOS) एवं लघु उद्योग भारती।

### भारत सोलर एक्सपो 2025

- 17 से 19 जनवरी को दूसरा संस्करण
- आयोजन स्थल – जयपुर एक्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), जयपुर
- आयोजनकर्ता – राजस्थान सरकार

### अंतर्राष्ट्रीय ऊँट महोत्सव

- 10-12 जनवरी 2025
- आयोजन स्थल – बीकानेर
- आयोजनकर्ता – पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन
- प्रतियोगिताएँ
  - मिस मरवण – महक दफ्तरी
  - मिस्टर बीकाणा – योगेश सेवग
  - ढोला मखण – श्रवण कुमार सोनी और संजू सोनी

### पशु कल्याण पखवाड़ा

- पशुपालन विभाग द्वारा
- 14 से 30 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा।
- जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम और दया भाव जाग्रत करने की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर आमजन को जागरूक किया जायेगा।
- शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन।

## सहयोग/समझौते

### 'सर्वजन हिताय' आधारित समावेशी विकास के लिए MoU

- राजस्थान सरकार का बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र (BoM) के साथ समझौता।
- बैंक ऑफ बड़ौदा अगले 6 वर्षों (31 मार्च 2030) तक प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेगी।
- बैंक ऑफ महाराष्ट्र प्रतिवर्ष 10 हजार करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेगी।
- यह धनराशि राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं जैसे बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपययोग की जाएगी।

## विविध

### 'बाल चौपाल' चिल्ड्रन पार्क

- उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर विकसित।
- 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए खेलकूद के लिए।
- नि:शुल्क बाल चौपाल विकसित करने वाला देश का पहला एयरपोर्ट।

### महिला पुलिस बटालियन

- राजस्थान सरकार ने 3 महिला पुलिस बटालियन की मंजूरी दी है।
- कालीबाई पुलिस बटालियन – अलवर
- अमृता देवी पुलिस बटालियन – बाड़मेर
- पद्मनी पुलिस बटालियन – सीकर

### हीलियम फ्री एमआरआई मशीन

- जोधपुर के मथुरादास माथुर (MDM) हॉस्पिटल में स्थापित।
- इसके माध्यम से MRI की जाँच एवं रिपोर्ट में समय कम लगेगा।

### लोकायुक्त का प्रतिवेदन

- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को लोकायुक्त, राजस्थान ने 36वाँ वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा।
- लोकायुक्त – प्रताप कृष्ण लोहरा

# राष्ट्रीय परिदृश्य



## चर्चित व्यक्तित्व

### डॉ. वी नारायणन

- इसरो के अध्यक्ष अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष नियुक्त।
- स्वदेशी क्रायोजेनिक तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण योगदान।
- एस. सोमनाथ का स्थान लिया।

### भुवनेश कुमार

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम

### PARTH योजना

- Police Army Recruitment Training & Hunar
- मध्य प्रदेश सरकार की योजना।
- प्रारंभ - 8 जनवरी
- उद्देश्य - युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों आदि में भर्ती से पहले शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार करने के लिए प्रशिक्षण।

### EmpowHER Biz-सपनों की उड़ान

- नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (WEP) तथा न्यू शॉप (भारत की सबसे बड़ी 24/7 सुविधा खुदरा शृंखला) द्वारा प्रारंभ पहल।
- WEP के अवार्ड टू रिवार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत।
- उद्देश्य - संगठित खुदरा क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों से लैस करके महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना।

### फराल सखी पहल

- मीरा भयंदर नगर निगम (महाराष्ट्र) तथा नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (अवार्ड टू रिवार्ड पहल के अंतर्गत) द्वारा प्रारंभ।
- उद्देश्य - महिलाओं को पारंपरिक त्यौहारी स्नैक्स (फराल) के उत्पादन और बिक्री में शामिल करके उनके लिए स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करना।

# पुरस्कार

### केन्द्रीय विद्यालयों के लिए 34वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023-24 पुरस्कार विजेता

- राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान – पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, IIT खड़गपुर।
- जोनल स्तर पर प्रथम स्थान (पश्चिम जोन) – पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नंबर-1, कोटा (राजस्थान)।

# सम्मेलन/आयोजन/बैठक

### अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद् की दूसरी बैठक

- आयोजन – 10 जनवरी को काजीरंगा, असम में।
- राष्ट्रीय नदी यातायात और नेविगेशन प्रणाली का शुभारंभ।
- नौ क्षेत्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों (RCoE) की स्थापना की घोषणा।

### राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (CSPOC) की स्थायी समिति की बैठक

- आयोजन – 10 जनवरी को ग्वेर्नसे में।
- अध्यक्ष – लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला।

### साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- आयोजन – 8 जनवरी को नई दिल्ली में।
- आयोजक – पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री।

### 8वाँ इंडसफूड 2025

- आयोजन – 8 से 10 जनवरी तक ग्रेटर नोएडा में।
- आयोजक – भारतीय व्यापार संवर्द्धन परिषद्
- एशिया का प्रमुख खाद्य और पेय (f&B) व्यापार शो।

### ग्रामीण भारत महोत्सव

- आयोजन – 4 से 9 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली मे।
- उद्घाटन – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।
- थीम – विकसित भारत 2047 के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण।
- मोटो – गांव बढ़े, तो देश बढ़े।

### भारत ऊर्जा सप्ताह 2025

- आयोजन – 11 से 14 जनवरी तक नई दिल्ली में।
- आयोजक – भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (FIPI)

### महामारी की तैयारी और वैक्सीन नवाचार पर सम्मेलन

- आयोजन – 10 जनवरी को हैदराबाद में।
- आयोजक – भारत सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग, इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड।

### उद्यमिता विकास सम्मेलन 2025

- आयोजन – 13 जनवरी को पुणे, महाराष्ट्र में।
- आयोजक – केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।
- थीम – उद्यमियों को सशक्त बनाना, पशुधन अर्थव्यवस्था में बदलाव लाना।
- 14 जनवरी से 13 फरवरी तक 'पशुपालन और पशुपालन कल्याण माह' घोषित।

# रिपोर्ट

### छठी लॉजिस्टिक्स ईज एक्रास डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) 2024 रिपोर्ट

- भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी।
- LEADS रिपोर्ट 2024 के प्रमुख स्तम्भ
  (i) लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर
  (ii) लॉजिस्टिक सर्विसेज
  (iii) ऑपरेटिंग और रेगुलेटरी एनवायरमेंट
  (iv) सस्टेनेबल लॉजिस्टिक
- राजस्थान लैंड लॉक्ड राज्यों में फास्ट मूवर्स श्रेणी में शामिल।

# पोर्टल/एप

### भारतपोल पोर्टल

- शुभारंभ – 7 जनवरी को भारत मंडपम, नई दिल्ली में।
- केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) द्वारा विकसित।
- सभी राज्यों की जाँच एजेंसियों और पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका।

### ई-श्रम पोर्टल

- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम पोर्टल 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध।

### बैंकनेट (BAANKNET)

- संशोधित ई-नीलामी पोर्टल।
- वित्त मंत्रालय द्वारा लॉन्च।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए।

### गरुदाक्षी (Garudakshi)

- कर्नाटक वन विभाग द्वारा वन अतिक्रमण, अवैध वृक्ष कटाई, अवैध शिकार और वन क्षेत्रों में अनाधिकृत प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए शुरू की गई ऑनलाइन एफआइआर प्रणाली।

### भारत क्लीनटेक मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म

- केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा भारत क्लाइमेट फोरम 2025 में नई दिल्ली में लॉन्च।
- सौर, पवन, हाइड्रोजन और बैटरी भंडारण क्षेत्रों में भारत की स्वच्छ प्रौद्योगिकी मूल्य शृंखलाओं को बढ़ाने के लिए शुरू की गई पहल।

## विविध

### 18वाँ प्रवासी भारतीय दिवस 2025

- आयोजन - 8 से 10 जनवरी तक ओडिशा के भुवनेश्वर में।
- आयोजक - भारत सरकार का विदेश मंत्रालय।
- थीम - विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान।
- 27 व्यक्तियों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार।

### समुद्र के ऊपर भारत का पहला ग्लास ब्रिज

- कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में तिरुवल्लुवर प्रतिमा से लेकर विवेकानंद रॉक मेमोरियल तक।
- 10 मीटर चौड़ा तथा 77 मीटर लंबा।

### भारत की पहली तटीय-जलचर पक्षी जनगणना

- 3 से 5 जनवरी तक गुजरात के जामनगर में मरीन नेशनल पार्क और मरीन सेक्चुअरी में।
- गुजरात सरकार और बर्ड कंजर्वेशन सोसाइटी ऑफ गुजरात द्वारा।

### भारत का पहला 'जेन बीटा (Gen Beta)' बच्चा

- फ्रेंकी रेमरूअटडिका जेडेंग।
- जन्म - आइजोल, मिजोरम।

> ***जनरेशन बीटा***
>
> - *ऑस्ट्रेलियाई भविष्यवादी मार्क मैक्रिंडल द्वारा गढ़ी गई जनरेशन बीटा में वर्ष 2025 से 2030 के बीच पैदा हुए बच्चे शामिल हैं।*

### अंजी खड पुल

- भारत का पहला केबल स्टेड रेल पुल।
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में स्थित।
- उधमपुर - श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा।

### महाकुंभ 2025

- थीम सॉंग -'महाकुंभ है।'(दूरदर्शन द्वारा निर्मित)
  - गीतकार - कैलाश खेर
- कुंभ सहायक (SahAIyak) - महाकुंभ 2025 के लिए AI सक्षम व्यक्तिगत मार्गदर्शक (बहुभाषी, वॉयस सक्षम चैटबॉट)
  - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च।
  - 11 भाषाओं में उपलब्ध।
- ऑल इंडिया रेडियो द्वारा एफएम चैनल कुंभवाणी प्रारंभ।

### सोनमर्ग जेड-मोड सुरंग परियोजना

- 13 जनवरी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन।
- श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क सुविधा (12 किमी लंबाई)

### राम कथा संग्रहालय

- अयोध्या में स्थापित किया जायेगा।
- संग्रहालय में पुरातात्विक उत्खनन से प्राप्त निष्कर्षों को प्रदर्शित किया जायेगा।

### राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड (NTB)

- उद्घाटन - केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा नई दिल्ली में।
- मुख्यालय - निजामाबाद, तेलंगाना।

- प्रथम अध्यक्ष – पल्ले गंगा रेड्डी।
- हल्दी – गोल्डन स्पाइस
- भारत दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।

### कप्पड़ और चाल समुद्र तट

- केरल को क्रमशः कोझिकोड और कन्नूर स्थित समुद्र तट।
- डेनमार्क स्थित फाउंडेशन फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन (FEE) द्वारा ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त।
  - डच गनर्वर हेंड्रिक एड्रियन वैन रीड द्वारा संकलित 17वीं सदी की लैटिन पांडुलिपि हार्टस मालाबारिकस (केरल के औषधीय पौधों का दस्तावेजीकरण) पर शोध, अनुवाद और व्याख्या के लिए प्रसिद्ध।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट ने हरियाणा के गुरुग्राम में 10 मिनट एंबुलेंस सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की है।
- वर्ष 2024 में सर्वाधिक बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) फाइलिंग – IIT कानपुर द्वारा (कुल 152 IPR)
- **भारतीय रेलवे का 69वाँ डिवीजन** – जम्मू (नॉर्दर्न रेलवे जोन के अंतर्गत)
- भारत सरकार ने वर्ष 2025 को 'रक्षा सुधारों का वर्ष' घोषित किया है।
- **इंडिया एआई तथा माइक्रोसॉफ्ट के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर** – भारत में कृत्रिम बुद्धिमता को अपनाने और विकसित करने के लिए।
  - वर्ष 2026 तक 5 लाख व्यक्तियों को कुशल बनाना।
- **डॉ. राजगोपाला चिदंबरम** – भारत के प्रमुख परमाणु ऊर्जा वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का निधन।
  - भारत के दोनों परमाणु परीक्षण (वर्ष 1974 तथा 1998) में महत्वपूर्ण भूमिका।
- **के.एस. मणिलाल** – प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री के. एस. मणिलाल का निधन।
- **भारत ऑपरेशनल मेट्रो नेटवर्क लंबाई में विश्व में तीसरे स्थान पर** – 11 राज्यों और 23 शहरों में 1000 किमी से ज्यादा लंबाई।
- **भारत का पहला जैविक मत्स्य पालन क्लस्टर** – सिक्किम के सोरेंग जिले में।
- **जम्मू कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस** – प्रो. रघुवेन्द्र तंवर (संपादक)
- **सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को पढ़ने वाले को 1 मिलियन डॉलर पुरस्कार** – तमिलनाडु सरकार द्वारा।
- **वन पारिस्थितिकी तंत्र को ग्रीन जीडीपी से जोड़ने वाला पहला राज्य** – छत्तीसगढ़।
- **पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक** – नई दिल्ली के राजघाट में राष्ट्रीय स्मृति स्थल में।
- **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) को लागू करने वाला 34वां राज्य** – ओडिशा।
  - AB PM-JAY में 27 विशेषज्ञताओं में लगभग 2000 चिकित्सा प्रक्रियाएँ शामिल।
- **विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा शताब्दी केन्द्र के रूप में मान्यता** – श्रीनगर मौसम विज्ञान केन्द्र को (100 वर्ष पूरे होने पर)
- **भारत आधिकारिक सांख्यिकी के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की समिति (UN-CEBD) में शामिल** – UN CEBD का गठन सतत विकास लक्ष्यों पर निगरानी और रिपोर्टिंग की क्षमता सहित बिग डेटा के लाभों और चुनौतियों की जाँच के लिए किया गया था।

❖❖❖

# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य




## चर्चित स्थान

### श्रीलंका

- भारत द्वारा श्रीलंका को उसके पुलिस स्टेशनों के लिए 80 कैब उपलब्ध करवाई जायेंगी।
- उद्देश्य - नागरिक सुरक्षा को बढ़ाना और कानून प्रवर्तन में सुधार करना।

### क्यूशू द्वीप

- दक्षिणी जापान के क्यूशू द्वीप में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया।

### लॉस एंजिल्स

- लॉस एंजिल्स (USA) में आपातकाल घोषित।
- जंगल की आग से प्रभावित।

### बफेल्सफोंटेन गोल्ड माइन

- दक्षिण अफ्रीका की बंद पड़ी सोने की खदान में अवैध खनन करने वालों की मृत्यु।
- भूख या निर्जलीकरण के कारण।

## चर्चित व्यक्तित्व

### एंटोनियो कोस्टा

- यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया।

### यून सूक योल

- दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल को मार्शल लॉ लागू करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### पोप फ्रांसिस

- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने पोप फ्रांसिस को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया।
- शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए।

### डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद

- सऊदी अरब में रहने वाले प्रवासी भारतीय।
- प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित।
- यह भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों के लिए सर्वोच्च सम्मान है।
- कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय प्रवासियों को जरूरी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कोस्टास सिमिटिस

- ग्रीस के पूर्व प्रधानमंत्री कोस्टास सिमिटिस का निधन।
- इन्होंने 2001 में ग्रीस को यूरोपीय संघ की एकल मुद्रा में शामिल कराया था।

## पुरस्कार

### प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम

- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा 19 व्यक्तियों को "प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फरीडम" से सम्मानित किया।
- अमेरिका और दुनिया के लिए असाधारण योगदान के लिए
- पदक प्राप्त करने वालों में हिलेरी क्लिंटन (पूर्व प्रथम महिला और अमेरिकी विदेश मंत्री), लियोनेल मेस्सी (फुटबॉल स्टार), इरविन मैजिक जॉनसन (बास्केटबॉल के दिग्गज), राल्फ लॉरेन (फैशन डिजाइनर) और जॉर्ज सोरोस (विवादास्पद निवेशक) शामिल।
- प्रेसीडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

## आयोजन/सम्मेलन

### स्टीलफैब एक्सपो 2025

- आयोजन - 13 से 16 जनवरी 2025, एक्सपो सेंटर शारजाह (UAE)
- आयोजक - शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।
- भारतीय उद्योग परिसंघ इंडिया पैवेलियन के तहत 35 से अधिक कंपनियों की भागीदारी।
- वैश्विक धातुकर्म और निर्माण क्षेत्रों में भारत की बढ़ती प्रमुखता को उजागर करता है।

### डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह

- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर USA के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- ट्रम्प-वैन्स उद्घाटन समिति द्वारा आयोजित यह समारोह 20 जनवरी को वाशिंगटन DC में होगा।

  जे. डी वेन्स उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

### हेमटेक्स्टिल 2025

- आयोजन - फ्रैंकफर्ट, जर्मनी।
- भारत ने नवाचार, स्थिरता और वैश्विक साझेदारी के लिए कपड़ा उद्योग में अपनी बढ़ती ताकत का प्रदर्शन किया।

### विश्व हिंदी दिवस समारोह 2025

- आयोजन - 10 जनवरी 2025, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा
- थीम - 'एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज'
- इस अवसर पर मंत्रालय की पहली आंतरिक हिंदी पत्रिका 'स्वास्थ्य सृजन' का उद्घाटन भी किया।

### श्रीलंका में पांच दिवसीय भारतीय फिल्म महोत्सव

- आयोजन - कोलंबो (श्रीलंका)
- बॉलीवुड की हिट फिल्म '83' की स्क्रीनिंग के साथ अयोजन की शुरूआत हुई।

### पहला भारत श्रीलंकाई हिंदी सम्मेलन

- आयोजन - कोलंबो (श्रीलंका)
- उद्देश्य - श्रीलंका में हिंदी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए।
- आयोजन में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से हिंदी में श्रीलंका का पहला सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया।

## सैन्य अभ्यास

### सूर्यकिरण

- भारत-नेपाल सैन्य अभ्यास का 18वां संस्करण।
- आयोजन - 31 दिसंबर से 13 जनवरी सलझंडी (रूपन्देही) में।
- इस प्रशिक्षण में भारतीय सेना की 11वीं गोरखा राइफल भाग लेंगी।

# विविध

## अमेरिका ने तीन भारतीय परमाणु कम्पनियों को निर्यात नियंत्रण सूची से हटाया

- अमेरिका द्वारा तीन भारतीय संस्थाओं पर लगे प्रतिबंध हटाये गये –
  - भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC)
  - इंडियन रेयर अर्थ्स
  - इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र
- उद्देश्य – भारत और अमेरिका के बीच साझा ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास करना।

## सिंगापुर के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम की पांच दिवसीय यात्रा। (14 से 18 जनवरी तक)।
- उद्देश्य – यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने के जश्न के अवसर पर हो रही है।
- सेमीकंडक्टर, औद्योगिक पार्क, कौशल विकास, डिजिटलीकरण और व्यापार विकास में सहयोग पर चर्चा की।

## फनल वेब मकड़ियों की बड़ी प्रजाति की खोज

- ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने सिडनी फनल-वेब मकड़ी की एक बड़ी तथा अधिक विषैली प्रजाति की खोज की।
- इस प्रजाति को 'बिग बॉय' उपनाम दिया गया।

## विदेश मंत्री जयशंकर की स्पेन यात्रा

- भारत और स्पेन 2026 को 'दोहरे वर्ष' के रूप में मनाएंगे, जिसमें संस्कृति, पर्यटन और AI पर जोर दिया जाएगा
- यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर प्रकाश डाला।

## राष्ट्रीय युवा दिवस 2025

- 12 जनवरी
- महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है।
- उनका प्रेरक जीवन और सशक्त संदेश युवाओं को अपने सपनों को पोषित कर योग्य भविष्य को आकार देने का आग्रह करता है।

## UNFCC को भारत की चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट

- 2019 के मुकाबले 2020 में भारत का GHG उत्सर्जन 7.93 प्रतिशत कम हुआ।
- भारत के वन और वृक्ष आवरण ने अन्य भूमि उपयोग के साथ लगभग 522 मिलियन टन $CO_2$ को संग्रहित किया, जो 2020 में देश के कुल $CO_2$ उत्सर्जन में 22% की कमी के बराबर है।
- अक्टूबर 2024 तक, स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 46.52% थी।
- बड़े जलविद्युत सहित अक्षय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता – 203.22 GW
- संचयी अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता – 156.25 GW।
- 2005 से 2020 के बीच, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की भारत की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी आई है।
- भारत का वन और वृक्ष आवरण लगातार बढ़ा है और वर्तमान में यह देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है।
- 2005 से 2021 के दौरान, 2.29 बिलियन टन $CO_2$ समतुल्य अतिरिक्त कार्बन सिंक का निर्माण किया गया।

## विश्व ब्रेल दिवस

- 4 जनवरी
- थीम – समावेश और विविधता के माध्यम से सशक्तीकरण
- लुई ब्रेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में (इन्होंने एक स्पर्शनीय लिपि विकसित की – अंधे और आंशिक रूप से दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए)

## UNSC के 05 अस्थाई सदस्य देश

- डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के अस्थायी सदस्यों के रूप में अपना दो साल का कार्यकाल शुरू किया।

- इन पांच देशों ने इक्वाडोर, जापान, माल्टा, मोजाम्बिक और स्विटजरलैंड की जगह ली।
- UNSC के वर्तमान में 15 सदस्य -
  - 05 स्थायी सदस्य - USA, यूनाइटेड किंगडम, रूस, चीन और फ्रांस
  - 10 निर्वाचित सदस्य (कार्यकाल दो साल)

### ग्लोबल पावर सिटी इंडेक्स 2024

- वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली और दुनिया भर से निवेश, पर्यटन और व्यापार आकर्षित करने वाले शहरों की सूची।
- पहला स्थान - लंदन।
- मुंबई - भारत का एकमात्र शहर (48 वें स्थान पर - सूचकांक में अंतिम)।
- जारीकर्ता - जापान के मोरी मेमोरियल फाउंडेशन

### इंडोनेशिया ब्रिक्स में शामिल

- जनवरी 2025 में शामिल
- 2025 में ब्रिक्स की अध्यक्षता - ब्राजील
- संस्थापक सदस्य - ब्राजील, रूस, भारत और चीन
- 2010 - दक्षिण अफ्रीका शामिल हुआ।
- 2024 - 04 नए सदस्य शामिल हुए - मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात।

### नेपाल के गंडकी प्रांत में शैक्षणिक भवन

- भारत द्वारा बागलुंग, गंडकी प्रांत (नेपाल) में श्री भीमगिथे माध्यमिक विद्यालय का भवन बनवाया गया।
- 'नेपाल-भारत विकास सहयोग' पहल के तहत भारत सरकार की वित्तीय सहायता से।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- इक्वाडोर - बढ़ती आंतरिक अशांति और सशस्त्र संघर्ष के बीच सात प्रांतों में आपातकाल की घोषणा की।
- जॉन ड्रामानी महामा - घाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- अर्मेनियाई सरकार ने यूरोपीय संघ में प्रवेश के लिए विधेयक को मंजूरी दी।
- भारत 28वें CSPOC 2026 की मेजबानी करेगा। यह कार्यक्रम संसदीय प्रक्रियाओं में AI और सोशल मीडिया के उपयोग पर केंद्रित होगा।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के नेता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा की।

❖❖❖

# खेल



## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024

- भारत के राष्ट्रपति 17 जनवरी 2025 को पुरस्कार प्रदान करेंगे।
- मंत्रालय - युवा मामले एवं खेल मंत्रालय
- खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए हर वर्ष राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं।

### मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024

- गुकेश डी (शतरंज)
- हरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
- प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)
- मनु भाकर (शूटिंग)

### अर्जुन पुरस्कार 2024

- ज्योति याराजी (व्यायाम)
- अन्नू रानी (व्यायाम)
- नीता (मुक्केबाजी)
- स्वीटी (मुक्केबाजी)
- वंतिका अग्रवाल (शतरंज)
- सलीमा टेटे (हॉकी)
- अभिषेक (हॉकी)
- संजय (हॉकी)
- जरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
- सुखजीत सिंह (हॉकी)
- राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी)
- प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)
- जीवनजी दीप्ति (पैरा एथलेटिक्स)
- अजीत सिंह (पैरा एथलेटिक्स)
- सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स)
- धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स)
- प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स)
- एच होकाटो सेमा (पैरा एथलेटिक्स)
- सिमरन (पैरा एथलेटिक्स)
- नवदीप (पैरा एथलेटिक्स)
- नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन)
- थुलासिमथी मुरुगेसन (पैरा-बैडमिंटन)
- नित्या श्री सुमति सिवान (पैरा-बैडमिंटन)
- मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन)
- कपिल परमार (पैरा-जूडो)
- **मोना अग्रवाल (पैरा-शूटिंग)- राजस्थान**
- रूबीना फ्रांसिस (पैरा-शूटिंग)
- स्वप्निल सुरेश कुसले (शूटिंग)
- सरबजोत सिंह (शूटिंग)
- अभय सिंह (स्क्वाश)
- साजन प्रकाश (तैरना)
- अमन (कुश्ती)

### अर्जुन पुरस्कार (आजीवन) 2024

- सुच्चा सिंह (व्यायाम)
- मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी)

### द्रोणाचार्य पुरस्कार 2024

- नियमित श्रेणी:
  - सुभाष राणा (पैरा-शूटिंग)
  - दीपाली देशपांडे (शूटिंग)
  - संदीप सांगवान (हॉकी)
- आजीवन श्रेणी:
  - एस मुरलीधरन (बैडमिंटन)
  - अर्मांडो एग्नेलो कोलाको (फुटबॉल)

### राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

- फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया

### मौलाना अबुल कलाम आजाद (MAKA) ट्रॉफी 2024

- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय (विजेता)
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (2nd)
- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (3rd)

### अस्मिता खेलो इंडिया महिला योगासन लीग 2024-25

- आयोजन - 5 से 7 जनवरी, नई दिल्ली।
- पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश - सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- योगासन 2026 एशियाई खेलों (जापान) में एक प्रदर्शनकारी खेल के रूप में शामिल।
- उत्तराखंड में होने वाले आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल।
- उद्देश्य - योगासन खेल में महिलाओं को सशक्त बनाना और खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना।
- पांच श्रेणियों में विजेता-
  - पारंपरिक योगासन: अनुष्का चटर्जी (पश्चिम बंगाल), सपना पाल (मध्य प्रदेश)
  - कलात्मक योगासन एकल: सीमा नियोपाने (दिल्ली), सरबेश्री मंडल (पश्चिम बंगाल)
  - कलात्मक योगासन जोड़ी : निशा गोडबोले और अविका मिश्रा (मध्य प्रदेश), कल्याणी चुटे और छकुली सेलोकर (महाराष्ट्र)
  - लयबद्ध योगासन जोड़ी : काव्या सैनी और यात्री यशवी (उत्तराखंड), खुशी ठाकुर और गीतांजलि (दिल्ली)।
  - कलात्मक योगासन समूह : मध्य प्रदेश और राजस्थान की टीमें।
- भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSF) के सहयोग से।
- वित्त पोषण खेलो इंडिया (KI), SAI द्वारा प्रदान किया जाता है।

### संतोष ट्रॉफी

- पश्चिम बंगाल ने केरल को 1-0 से हराकर संतोष ट्रॉफी (फुटबॉल प्रतियोगिता) जीती।

### तुलसी मुरुगेसन

- पेरिस पैरालिंपिक रजत पदक विजेता (बैडमिंटन)
- अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया

### 2024 विश्व ब्लिट्ज शतरंज चौंपियनशिप

- आयोजन - न्यूयॉर्क
- विजेता :
  - पुरुष वर्ग - मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) और इयान नेपोमनियाचची (रूस) ने खिताब साझा किया।
  - महिला वर्ग - जू वेनजून (चीन)

### अनाहत सिंह

- ब्रिटिश जूनियर ओपन में अंडर 17 गर्ल्स सिंगल्स स्क्वैश विजेता।
- आयोजन - बर्मिंघम (UK)

### बहादुर सिंह सागू

- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) का अध्यक्ष चुना गया।
- एशियाई खेलों में पुरुष शॉटपुट चैंपियन

### जसप्रीत बुमराह

- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना।
- बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल इस टीम में शामिल अन्य भारतीय।

### मुरलीकांत पेटकर

- आजीवन उपलब्धि के लिए अर्जुन पुरस्कार
- भारत के लिए पहले पैरालिंपिक स्वर्ण विजेता (1972 हीडलबर्ग पैरालंपिक)।
- ओलंपिक या पैरालंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर यह क्रिकेट शृंखला 3-1 से जीती।
- प्लेयर ऑफ द सीरीज – जसप्रीत बुमराह।

## 50वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप

- आयोजन – हरिद्वार (उत्तराखंड)
- पुरुष वर्ग –
  - विजेता – हरियाणा
  - उपविजेता – उत्तराखंड
- महिला वर्ग –
  - विजेता – भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)
  - उपविजेता – हरियाणा
- राजस्थान ने दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता।

## जसप्रीत बुमराह

- भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दिसंबर 2024 के लिए ICC पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे बड़ी जीत

- भारत महिला क्रिकेट टीम ने वनडे में आयरलैंड को 304 रनों से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

## स्पेनिश सुपर कप

- आयोजन – जेद्दाह (सऊदी अरब)
- FC बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 5-2 से हराया।

## देवजीत सैकिया

- BCCI का नया सचिव नियुक्त किया गया।

## प्रभतेज सिंह भाटिया

- BCCI का कोषाध्यक्ष चुना गया।

## 2025 BWUF बैडमिंटन मलेशिया ओपन

- आयोजन – 6 से 12 जनवरी 2025, कुआलालंपुर (मलेशिया)
- विजेता
  - महिला युगल: फुकुशिमा युकी/मात्सुमोतो मायू (जापान)
  - महिला एकल: एन से यंग (कोरिया)
  - मिश्रित युगल: डेचापोल पुवारानुक्रोह/सुपिस्सारा पेवसम्प्रान (थाईलैण्ड) व पुरुष एकल: शी युकी (चीन)
  - पुरुष युगल: किम वोन हो/सियो सेउंग जे (कोरिया)

## 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप

- आयोजन – 12 दिसंबर से 5 जनवरी, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (नई दिल्ली)
- जयपुर के सुशील कुमार मीना (स्वर्ण पदक)

## पहला खो-खो विश्व कप

- आयोजन –13 से 19 जनवरी, नई दिल्ली।
- शुभंकर- तेजस और तारा नामक गजल (गति, चपलता और टीम वर्क का प्रतीक)
- उद्देश्य- एक वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करना।

## 69वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप

- आयोजन – सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम, जयपुर
- विजेता-
  - पुरुष वर्ग –केरल
  - महिला वर्ग – रेलवे

## आई-लीग फुटबॉल-2025

- आईपीएल की तर्ज पर होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता
- आयोजन स्थल – विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर
- आयोजनकर्ता – ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन

## कियाना परिहार

- उदयपुर की 9 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी
- राष्ट्रीय अंडर-9 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप की खिताब विजेता।
- कियाना ने अंतिम राउंड में गुजरात की अश्वि सिंह को 10 अंकों से हराकर खिताब जीता।
- आयोजन स्थल – पुणे

## इरा जाधव

- अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय बल्लेबाज।
- अंडर-19 महिला वनडे ट्रॉफी में मुंबई के लिए 346 रन बनाये।

## नीरज चौपड़ा

- 2024 में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी चुना गया।
- अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड' द्वारा।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



## CROPS

- Compact Research Module for Orbital Plant Studies.
- इसरो के SpaDeX मिशन के PS4-आर्बिटल एक्सपेरीमेंटल मॉड्यूल (POEM-4) पर भेजे गये 24 पेलोड का हिस्सा।
- 4 दिन में अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों का अंकुरण (माइक्रोग्रेविटी फॉर्मिंग)।
- SpaDeX मिशन के अंतर्गत भारत ने पहली बार अंतरिक्ष रोबोटिक भुजा का सफलतापूर्वक संचालन किया है।

## भारतीय जीनोमिक डेटा सेट

- 9 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित जीनोम इंडिया डेटा सम्मेलन में भारतीय जीनोमिक डेटा सेट का अनावरण (10,000 जीनोम नमूनों का संग्रह)
  - जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित जीनोम इंडिया परियोजना के अंतर्गत।

## राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब

- आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में पुदीमदका में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा स्थापित।

## स्वदेशी पैरासिटामोल

- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) द्वारा विकसित (उत्पादन - कर्नाटक स्थित सत्या दीप्था फार्मास्युटिकल्स द्वारा)।

## अमूल्य और अक्षय

- भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ फास्ट पेट्रोल वेसल की श्रृंखला में क्रमशः तीसरा और चौथा पोत।
- पहला और दूसरा - अदम्य और अक्षर
- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित।

## INS वाघशीर

- छठी स्कॉर्पीन क्लास डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बी।
- प्रोजेक्ट 75 के अंतर्गत निर्मित।
- मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा नेवल ग्रुप, फ्रांस के सहयोग से निर्मित।

## INS उत्कर्ष

- भारतीय नौसेना का दूसरा बहुउद्देश्यीय जहाज (प्रथम - समर्थक)
- अनावरण - 13 जनवरी को एल एंड टी कट्टुपल्ली चेन्नई में।
- निर्माण - एलएंडटी शिपयार्ड लिमिटेड, चेन्नई (तमिलनाडु)

## नाग MK2

- स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की एंटी टैंक फायर एंड फॉरगेट गाइडेड मिसाइल।
- निर्माण - DRDO द्वारा।
- पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर (राजस्थान) में सफल फील्ड मूल्यांकन परीक्षण।

## दक्षिण भारत की पहली संक्रामक रोग अनुसंधान और निदान प्रयोगशाला (IRDL)

- बैंगलोर मेडिकल कॉलेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR) द्वारा स्थापित।

## हिम कवच

- डीआरडीओ द्वारा विकसित ठंड से सुरक्षा प्रदान करने वाली परिधान प्रणाली।
- 20°C से लेकर -60°C तापमान तक प्रभावी।

## हिमालयन गद्दी डॉग

- राष्ट्रीय पशु आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो (NBAGR), करनाल (हरियाणा) द्वारा नस्ल के रूप में मान्यता।
- NBAGR में पंजीकृत होने वाली देशी कुत्ते की चौथी नस्ल

## इंडो-बर्मीज पैंगोलिन (मैनिस इंडोबर्मानिका)

- पैंगोलिन की नई प्रजाति।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के वैज्ञानिकों द्वारा अरुणाचल प्रदेश में खोज। ।

## पुरुलिया वेधशाला

- पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में पंचेत पहाड़ी पर स्थापित।
- पूर्वी भारत की प्रथम वेधशाला।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान एस.एन. बोस सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज द्वारा स्थापित।
- संचालन - एस.एन. बोस केन्द्र तथा सिद्धू कानू बिरसा विश्वविद्यालय, पुरुलिया द्वारा।

❖❖❖